जिस देश में कहीं भी लोभ नहीं है, मद नहीं है, क्रोध नहीं है, अविवेक नहीं है, जहां नीतिमार्ग सुशोभित हो रहा है वह मेरा देश इस विश्व में भव्य है ॥२३ ॥

**दयाक्षमाशान्तिसुहृत्त्वभावैः परोपकारं परिशीलयन्तः ।**
**सुखं जना यत्र नयन्ति कालं मदीयदेशो भुवि भव्य आस्ते ॥२४ ॥**

जहां के लोग दया, क्षमा, शान्ति और मित्रभाव के साथ परोपकार करते हुए सुख से रहते हैं वह मेरा देश इस विश्व में भव्य है ॥२४ ॥

**इति श्रीस्वामिगोविन्दाचार्यपादाब्जसज्जुषा ॥**
**देशभक्तिस्तवो गीतो भारती नः प्रसीदतु ॥**

इस प्रकार श्री गोविन्दाचार्य के शिष्य ने (आचार्य दण्डपाणी ने) देशभक्ति का स्तवन किया है, जिससे माता भारती हम पर प्रसन्न हो ॥

**(राष्ट्रीय देशभक्ति काव्यरचना स्पर्धा में सान्त्वना पुरस्कार से पुरस्कृत काव्य)**

*****

# राष्ट्रस्य हृदयम्

डॉ. हर्षदेवमाधवः

मम राष्ट्रस्य ध्येयसिद्धिस्वप्नोऽस्ति
ध्यानचन्द्रस्य होकीयष्टौ।
मम देशस्य गोवर्धनधारणक्षमताऽस्ति
'मीरांबाईचानु’हस्तयोः।
मम मातृभूमेस्सङ्कल्पसाफल्यमस्ति
नीरजचोपराभल्लक्षेपे।
मम जन्मभूमेर्विश्वासधावनमस्ति
पी.टी. उषाचरणयोः।
मम जन्मभूतधात्र्या
अदम्या गतिरस्ति
मिल्खासिङ्घस्य प्रयत्नेषु।
मम पुण्यभूमेर्दीव्यता गायति
बङ्किमचन्द्रलेखनी।
मम जन्मदात्री गर्जति शतकोटिस्वरैः
रवीन्द्रनाथशब्देषु।

अलभ्याऽस्ति मे पवित्रा भूमि:

पापयोनिषु।

अश्रान्ताऽस्ति मे प्राणधात्री

सैनिकानां शौर्ये।

अम्लानाऽस्ति नारायणी भूमिः

कृषकाणां परिश्रमे।

अदीना अदितिरस्ति मे पुण्यभूमि-

स्तपोवनसंस्कृतिप्रसारे।

अगोचरा खलु देवभूमिर्मे

शत्रूणां स्वप्नप्रदेशेष्वपि।

यदि न विश्वसिषि

तर्हि

भारतीयानां वक्षःस्थलेषु

कर्णौ निधाय श्रृणु

यत्र स्पन्दते

मम राष्ट्रस्य हृदयम्।

**(हिन्दी)**

मेरे राष्ट्र की ध्येयसिद्धि का स्वप्न है
ध्यानचंद की हॉकी स्टिक में।
मेरे देश की गोवर्धन-धारण की क्षमता है
मीराबाई चानू के हाथों में।
मेरी मातृभूमि के संकल्प का साफल्य है
नीरज चोपरा के भालाफेंक में।
मेरी जन्मभूमि का विश्वास दौड़ रहा है
पी.टी. उषा के चरणों में।
मेरी जन्मभूमि की
अदम्य गति है
मिल्खासिंह के प्रयत्नों में।
मेरी पुण्यभूमि की दिव्यता गा रही है
बंकिमचन्द्र की लेखनी।
मेरी जन्मदात्री भूमि उच्च स्वर में गर्जना कर रहीं है
रवीन्द्रनाथ के शब्दों में।
अलभ्य है मेरी पवित्रभूमि
पापयोनि में (पापियों के लिये अलभ्य है)।

मेरे प्राणों को धारण करने वाली भूमि अश्रान्त है
सैनिकों के शौर्य में।
हरी भरी है मेरी नारायणी भूमि
कृषकों के परिश्रम में।
तेजस्विनी देवमाता मेरी भूमि है
तपोवनसंस्कृति के प्रसार में।
मेरी देवभूमि अगोचर (अप्राप्य) है
शत्रुओं के स्वप्न में भी।
यदि विश्वास नहीं है
तो
भारतीयों के सीने पर
कान रखकर सुनों
जहां धडक रहा है
मेरे राष्ट्र का हृदय।

**(राष्ट्रीय देशभक्ति काव्यरचना स्पर्धा के माननीय निर्णायकों में से अन्यतम निर्णायकश्री का काव्य)**

*****

## राष्ट्ररक्षणम्

प्रो.ताराशंकरशर्मापाण्डेय
आचार्य एवं विभागाध्यक्ष
ज. रा. राजस्थान संस्कृत-
विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.)

**प्रचण्डशूरवीर हे! विधेहि राष्ट्ररक्षणम्।**
**विधेहि धीरवीर हे! मदीयराष्ट्ररक्षणम्॥ विधेहि राष्ट्ररक्षणम्॥**

हे प्रचण्ड शूरवीर! राष्ट्र का रक्षण करो। हे धीर! हे वीर! मेरे राष्ट्र का रक्षण करो, राष्ट्र का रक्षण करो॥

**मातृभूमिवन्दनं मदेकधर्मसंश्रुतम्**
**आत्मराष्ट्ररक्षणं त्वदेककर्मसङ्गतम्।**
**राष्ट्ररक्षणे क्षमा समस्तलोकबोधिका**
**धर्मकर्मपावना लसेन्मनःसु भावना॥१॥ प्रचण्डशूरवीर....**

मातृभूमि का वन्दन ही मेरा एकमात्र धर्म है और आत्मराष्ट्र की रक्षा करना तुम्हारा एकमात्र कर्म है। राष्ट्र के रक्षण में समर्थ और समस्त लोक को बोध देने वाली, धर्म और कर्म को पवित्र करने वाली यह भावना सभी के मन में सुशोभित हो॥१॥

**स्वर्गलोकदेववृन्द- नित्यकांक्षितं पुरा**
**रामकृष्णबुद्धजन्मशुद्धभूमिशोभितम्।**
**सोमनाथ-विश्वनाथ-सारनाथ-राजितं**
**राष्ट्रभक्त! देवभूमिभारतं सुरक्ष रे!॥२॥ प्रचण्डशूरवीर....**

स्वर्ग लोक के देवसमूह के द्वारा नित्य जिसकी कामना होती है, राम, कृष्ण, बुद्ध के जन्म से शुद्ध भूमि से सुशोभित, सोमनाथ, विश्वनाथ और सारनाथ से सुशोभित इस देवभूमि भारत का हे राष्ट्रभक्त! तुम रक्षण करो ॥२ ॥

**यत् सुभाषचन्द्रबोस-बुद्धिकल्पितं सदा**
**यत् स्वतन्त्रहिन्दफौजरक्षितं सुभारतम् ।**
**यत् पटेलवल्लभैक्य- योजनासुघट्टितं**
**तत्सुरक्ष देशभक्त! दिव्यभूमिभारतम् ॥३ ॥ प्रचण्डशूरवीर....**

जो सुभाषचन्द्र बोस की बुद्धि से सदैव समर्थ, जो स्वतन्त्र हिन्द सैन्य से सुरक्षित है, जो सरदार वल्लभभाई पटेल के ऐक्यभाव से सुसंयोजित है, हे वीर! उस दिव्यभूमि भारत का तुम रक्षण करो ॥३ ॥

**आंग्ललोकपीडिता जनास्त्वयैव रक्षिता:**
**नीचशत्रुसैनिका: पुरा त्वयैव मर्दिता: ।**
**सीम्नि शत्रुचारिण: श्रृणु प्रगुप्तमर्म रे!**
**देशभूमिरक्षित:! स्मर त्वदीयकर्म रे! ॥४ ॥ प्रचण्डशूरवीर....**

अंग्रेजों से पीडित प्रजा की रक्षा तुमने ही की है, सीमा पर शत्रुओं के नीच सैनिकों को तुमने ही मारा है, हे देवभूमि की रक्षा करने वाले! तुम्हारे कर्म को याद करो ॥४ ॥

**श्रीशिवादिनैकवीर- शौर्यरंगरंजितं**
**श्रीमहात्मगान्धिशान्तिशुभ्रवर्णशोभितम् ।**
**श्यामसस्यपूर्णमंगलं त्रिरागभारतं**
**रे! त्रिरंगभावभूषितं सुरक्ष भारतम् ॥५ ॥ प्रचण्डशूरवीर....**

जो भारत शिवाजी आदि अनेक वीरों के शौर्य रंग से रंजित है, जो महात्मा गांधी की शान्ति के श्वेत वर्ण से शोभित है, जो श्याम सस्य से पूर्ण और मंगल त्रिरंग युक्त भारत है, उस त्रिरंग के भावों से विभूषित भारत की तुम रक्षा करो ॥५॥

**रामराज्यकल्पना कृता महात्मगान्धिना**
**दुष्टशत्रुलोकिताऽद्य सीमभूकुदृष्टिना।**
**पश्य पाकदुष्कृतं जगज्जनैर्विनिन्द्यते**
**अस्त्रशस्त्रसज्जितो भुवं त्वमेव रक्ष रे! ॥६॥ प्रचण्डशूरवीर....**

जहां रामराज्य की कल्पना महात्मा गांधी ने की थी वह भूमि आज सीमा के दुष्ट शत्रुओं की कुदृष्टि से देखी जा रही है। हे वीर! उस पाक के दुष्कृत्य को देखो, जिसकी निन्दा सारा जगत कर रहा है। तुम अस्त्र शस्त्र से सज्ज होकर इस भूमि की रक्षा करो ॥६॥

**चण्डरूपचण्डिका भवेत् त्वदीयवीरता**
**कालरूपकालिका भवेत् त्वदीयशूरता।**
**कालदण्डपातनं कुरु त्वमेव वीर रे!**
**शत्रुसैन्यनाशनं शुभं त्वदीयकर्म रे! ॥७॥ प्रचण्डशूरवीर....**

हे वीर! तुम्हारी वीरता चण्डी का चण्डस्वरूप बने, तुम्हारी शूरता कालीस्वरूप बने, शत्रुओं पर काल दण्ड तुम ही गिराओ। शत्रु की सेना का नाश करना ही तुम्हारा शुभ कर्म है ॥७॥

*****

# भारतं भासते

डॉ. नरेन्द्रकुमार एल. पण्ड्या
प्राचार्यः, श्रीसोमनाथ संस्कृत युनिवर्सिटी
संचालित संस्कृत कोलेज,वेरावल, गुजरात

**भूतभव्यं भवद्भारतस्य भारता**
**भव्यदिव्यं समस्तीति सञ्चिन्त्य वै।**
**भारते भारतो भारती भारतं**
**भासतां भाष्यतां भाव्यतां भूतये ॥१ ॥**

हे भरतवंशजो ! भारत देश का भूतकाल, वर्तमानकाल और भविष्यकाल दिव्य और भव्य है ऐसा सोचकर भारत में भारत(अर्जुन) भासित हो, भारती(संस्कृतभाषा) भाषित व्यवहार में आये तथा भारत(महाभारत) पर चिन्तन-मनन हो। यह भारतीय संस्कृति के भव्य सौन्दर्य हेतु उपकारक है ॥१ ॥

**भारतो ह्यर्जुनो भारती संस्कृतं**
**भारतं तन्महाभारतं मङ्गलम्।**
**तैश्च शोभास्पदं भास्पदं भारतं**
**सत्त्यशीलं शिवं सुन्दरं शोभते ॥२ ॥**

भारत अर्थात् अर्जुन, भारती अर्थात् संस्कृतभाषा तथा भारत अर्थात् मंगलमय महाभारत इन तीनों से भारत देश शोभा, प्रभा और

प्रतिभा सम्पन्न होकर सत्यशील, कल्याण और सुन्दर (सत्यं शिवं सुन्दरम्) बनकर शोभित है ॥२ ॥

**वेदवेदाङ्गधर्मस्मृतीनां गणो**
**व्यासवर्यैः पुराणं च सद्गुम्फितम् ।**
**वाङ्मयं सांस्कृतं संस्कृतेर्दर्शकं**
**भारतं भासयद्भूतले भासते ॥३ ॥**

वेद, वेदांग और स्मृतियों का गण एवं महर्षि व्यासजी रचित पुराण एवं संस्कृति की दर्शक संस्कृतभाषा का प्रचुर वाङ्मय भारत को प्रज्ञा से प्रभासित करके भारत को विश्वभर में गौरव प्रदान कर प्रकाशित हो रहा है ॥३ ॥

**रामचन्द्रार्यशीलव्रतै राजितं**
**भ्राजितं भूतले भारतेनापि यत् ।**
**कृष्णचन्द्रस्य सल्लीलया मण्डितं**
**भारतं भूतले भूषणं भासते ॥४ ॥**

श्रीरामचन्द्र भगवान् के आर्यशीलव्रतों से सुशोभित महाभारत से सर्व भूमंडल में प्रकाशित और भगवान् श्रीकृष्ण की दिव्य-अलौकिक श्रेष्ठ लीलाओं से अलंकृत भारत भूतल पर भूषण बनकर प्रकाशमान है ॥४ ॥

**गां धियं धारयत्स्नेहरूपास्पदं**
**सेन्दिरं वल्लभेनाथ राजीवितम् ।**

**सन्मनोमोहकं मोददं चामितं**
**भारतं भारतं भारतं भासते ॥५ ॥**

वाणी और बुद्धि को धारण कर, स्नेह-रूपयुक्त, लक्ष्मीसम्पन्न, श्रीमद्वल्लभ से कमल की भाँति शोभित, सत्पुरुषों के मन को मोहने वाला, अमित मोदप्रद भारत अद्वितीय भारत (प्रतिभा में रत हुआ) भारत (तेजस्वी) देश है ॥५ ॥

**यन्नागानां पतिः पाति हैमाचलः**
**यन्नदीनां पतिः पाति वै वारिधिः ।**
**सर्वदर्तुप्रियः काल आपाति यद्-**
**भारतं भूषणं सद्भुवो भासते ॥६ ॥**

नगाधिराज हिमालय एवं नदीपति महासागर जिसकी रक्षा करते हैं, ऐसा सभी ऋतुओं में अनुकूल, सुखप्रद समय जिसकी रक्षा करते हैं, ऐसा भारतदेश भूतल का भूषण बनकर सुशोभित हो रहा है ॥६ ॥

**श्रीजगन्नाथबद्रीश्वरद्वारका**
**नाथरामेश्वरै रक्षितं पावनम् ।**
**यच्चतुर्दिक्षु सद्दिव्यसत्त्वान्वितं**
**भारतं भाति सद्भक्तिभावान्वितम् ॥७ ॥**

श्रीजगन्नाथ, श्रीबद्रीनाथ, श्रीद्वारिकानाथ और श्रीरामनाथ (श्रीरामेश्वर) इन सभी नाथों से पावन एवं सुरक्षित ऐसा, सभी दिशाओं

में दिव्यसत्त्व से युक्त भारतदेश भक्ति-भावयुक्त बनकर देदीप्यमान हो रहा है ॥७ ॥

**व्यासवाल्मीकिभासादिदण्डिप्रभं**
**कालिदासादिकैः काव्यतः पोषितम् ।**
**संस्कृतं संस्कृते रक्षकं राजते**
**भारतं भूतलेऽदूषणं भूषणम् ॥८ ॥**

व्यास, वाल्मीकि, भास और दण्डी की प्रतिभा से मण्डित, कालिदास आदि कवियों के काव्यों से पोषित, सुसंस्कृत संस्कृति का रक्षक, ऐसा भारत भूतल में दूषणमुक्त होकर भूषणरूप बन रहा है ॥८ ॥

*****

# दुर्लभं भारते जन्म

डॉ. जिगरः म. भट्ट
सहायकाचार्यः (साहित्यम्)
श्री सोमनाथ संस्कृत युनिवर्सिटी,
वेरावलम्

**समुद्रे दुर्लभस्सारस्सङ्गस्साधोश्च दुर्लभः।**
**भारते दुर्लभं जन्म संस्कृतं मातृवाक्तथा॥१॥**

समुद्र का पार पाना दुर्लभ है, सज्जन की सङ्गति दुर्लभ है, भारत में जन्म दुर्लभ है और मातृभाषा के रूप में संस्कृत दुर्लभ है॥१॥

**भारतमातुर्वर्णनम् –**

**भारत माता का वर्णन -**

**हिमाद्रिर्मुकुटं यस्याः शिरः काश्मीरमुच्यते।**
**हिमाचलादि कण्ठः स्याद् बिहारं हृदयं तथा॥२॥**

हिमालय जिसका मुकुट है, कश्मीर जिसका मस्तक है, हिमाचल प्रदेश आदि राज्य जिसका कण्ठ है, बिहार जिसका हृदय है॥२॥

**राजस्थानमथो बङ्गः हस्तरूपेण संस्थितौ।**
**गुजरातं यथा पुत्रो सप्त पुत्र्यश्च कल्पिताः ॥३ ॥**

राजस्थान और बङ्गाल जिसके हाथ है, गुजरात जैसे गोद में रखा हुआ पुत्र है, असम आदि जैसे सात पुत्रीयाँ है ॥३ ॥

**मध्यप्रदेशो यन्नाभौ चक्रं मणिपुरं स्मृतम्।**
**उड़िसा च महाराष्ट्रं यस्या अङ्कौ प्रतिष्ठितौ ॥४ ॥**

मध्यप्रदेश जिसकी नाभि में स्थित मणिपुर चक्र है, उड़ीसा और महाराष्ट्र जिसकी गोद है ॥४ ॥

**आन्ध्रं कर्णाटकं चैव पादौ वामोऽथ दक्षिणः।**
**केरलं तमिलं चैव चरणे पङ्कजद्वयम् ॥५ ॥**

आन्ध्रप्रदेश और कर्णाटक जिसके वाम और दक्षिण चरण है, केरल और तमिलनाडु जिसके चरण में रखे दो पुष्प है ॥५ ॥

**एतादृशे भारते पशुरूपेणाप्यवतरणं वरमित्याह –**

**इस प्रकार के भारत में पशु के रूप में भी जन्म श्लाघनीय है ऐसा कहने का आरंभ करते है -**

**श्रीचन्द्रगुप्तेन सुगोपितायां चाणक्यमेधाऽचलबृंहितायाम्।**
**निवारिताऽशोकमरुत्सखायां सविक्रमादित्यचकासितायाम् ॥६ ॥**

महाराज श्री चन्द्रगुप्त के द्वारा अत्यंत सुरक्षत, चाणक्य की बुद्धि से अतिस्थिर एवं अतिविस्तृत, सम्राट् अशोक के शोक का निवारण करनेवाली, विक्रमादित्य के द्वारा अत्यंत सुशोभित ॥६ ॥

**श्रीकृष्णरायेण सुशासितायां श्रीहर्षराजेन विवर्धितायाम् ।**
**नृसिंह-सिद्धाजयसिंह-वीर-चौहाणपृथ्वी-मिहिरान्वितायाम् ॥७ ॥**

महाराज श्रीकृष्णदेवराय के द्वारा सुशासित, सम्राट् हर्षवर्धन से विवर्धित, महाराज नरसिंह, सिद्धराज जयसिंह, सम्राट् पृथ्विराज चौहाण और महाराज मिहिर भोज से सम्बन्धित ॥७ ॥

**राणाप्रतापेन रणेऽर्चितायां शिवाजिराजेन सुरक्षितायाम् ।**
**सम्भाजिभोजेन विभूषितायां लक्ष्मीयशोमण्डितभास्वरायाम् ॥८ ॥**

महाराणा प्रताप के द्वारा रण में पूजी गई, छत्रपति शिवाजी महाराज के द्वारा सुरक्षित, सम्भाजी महाराज के द्वारा विभूषित और महारानी लक्ष्मीबाई के यश से उज्ज्वल ॥८ ॥

**पाण्डेयविद्रोहसमर्चितायां गाङ्गेय-नानाजिपवित्रितायाम् ।**
**रङ्गोऽजिमुल्लामहिमाङ्कितायां मुण्डादिवासिजनमण्डितायाम् ॥९ ॥**

मङ्गल पाण्डेय के विद्रोह से समर्चित, गाङ्गेय और नानाजी के द्वारा पवित्र, रङ्गोजी और अजीमुल्ला के महिमा से अङ्कित, बिरसा मुण्डा आदि वनवासी जनों से मण्डित ॥९ ॥

**भक्तेन सिंहेन विदारितानि चेतांस्यरीणां बहुकम्पितानि।**
**तन्निःस्रवद्रक्तपयोभिषेकप्रचण्डकोलाहलगर्जितायाम् ॥१० ॥**

शहीद भगतसिंह ने शत्रुओं के कांपते हृदयों को जो चीर डाला, उसमें से निकलती रक्त की धारा से जिसने प्रचण्ड कोलाहल और गर्जना की है, वैसी ॥१० ॥

**तद्राजपूर्व-गुरुणान्वितायां सुखेन देवेन सुहासितायाम्।**
**सुभाषसैन्येन सुभासितायां विनायकान्दोलनजृम्भितायाम् ॥११ ॥**

राजगुरु से अन्वित, सुखदेव द्वारा सुहासित, सुभाषचन्द्र के सैन्य से सुशोभित, विनायक दामोदर सावरकर के आन्दोलन से जागृत ॥११ ॥

**रामप्रसादेन प्रसादितायामाजादचन्द्रार्चितशेखरायाम्।**
**लालेन बालेन च पालितायां सिंहोद्यमास्फाकसमुद्यतायाम् ॥१२ ॥**

रामप्रसाद बिस्मिल के द्वारा प्रसादित, चन्द्रशेखर आजाद के द्वारा पूजे गए मस्तक वाली, लाल बाल पाल के द्वारा पालित, उधम सिंह और अस्फाक् के द्वारा समुद्यत ॥१२ ॥

**पटेलसर्दारमहाप्रयत्नप्रसाधितायां सुमगुम्फितायाम्।**
**अनेकराजप्रभटोद्धृतायामाकृष्टदामोदरशङ्करायाम् ॥१३ ॥**

सरदार वल्लभभाई पटेल के महाप्रयत्न से पुष्पों से गुम्फित माला की तरह अनेक राजाओं ने दान कर एक की हुई, विष्णु और शिव के वारंवार आकर्षित करने वाली ॥१३ ॥

**नरेन्द्रदामोदरसेवितायां स्वर्लोकभा-भारतदेशभूम्याम् ।**
**लभेय वा जन्म पशोस्तथापि वपुर्धरामीति महाप्रमोदः ॥१४ ॥**

नरेन्द्र दामोदर मोदी से सेवित, स्वर्ग के जैसी शोभावाली इस भारत की भूमि पर यदि पशु के रूप में भी जन्म प्राप्त हो, तो "भारत में शरीर धारण कर रहा हूँ" ऐसे आनन्द की अनुभूति हो (मनुष्य शरीर धारण करने की तो बात ही क्या) ॥१४ ॥

**अत्रैव कृष्णेन भयापहारिणा गीता प्रगीता प्रभुणा मुरारिणा ।**
**लब्ध्वाऽत्र जन्मात्मसुखं विजानता मया हि लब्धं हरिपादसेवनम् ॥१५ ॥**

(क्योंकि) यहीं पर भय दूर करने वाले मुरारि श्रीकृष्ण ने गीता का गान किया है। यहां पर जन्म प्राप्त कर आत्मसंतुष्टि को जानते हुए मैने भगवान् श्रीहरि के चरणों की सेवा प्राप्त की है।

**रेमे हि रामो रमणीयमत्र कृष्णस्य केलिर्वितनोति मोदम् ।**
**बुद्धस्य शान्तिर्जगतो नियन्त्री तैर्भारतं विश्वगुरूयते मे ॥१६ ॥**

(क्योंकि) यहीं पर श्रीराम ने रमणीय रूप से लीला की है, श्री कृष्ण ने अनेक पराक्रम किये है, जगत् को शान्ति का उपदेश भी यहीं

से प्राप्त हुआ। इन (राम-कृष्ण-बुद्ध आदि से) मेरा भारत विश्वगुरु बना है ॥१६ ॥

**वाल्मीकिना सत्यवतीसुतेन श्रीकालिदासेन सतां प्रियेण।**
**भासेन बाणेन सदोपदिष्टैः काव्यैर्मदीयोऽतिविभाति देशः ॥१७ ॥**

आदिकवि वाल्मीकि के, महर्षि वेदव्यास के, सज्जनों के प्रिय श्रीकालिदास के, महाकवि भास के, बाणभट्ट के उपदेशप्रद काव्यों से मेरा देश अत्यंत सुशोभित हो रहा है ॥१७ ॥

**भाष्यन्ते विविधा भाषा रमणीयाश्च मानवाः।**
**तद्राष्ट्रं भारतं नाम प्रणमामि मुहुर्मुहुः ॥१८ ॥**

जहां पर विविध भाषा बोली जाती है, जहां के मनुष्य रमणीय है, उस भारत नाम के राष्ट्र को मैं बार बार प्रणाम करता हूं ॥१८ ॥

*****

# स्तुतिव्याजस्तुतिभ्यां राष्ट्रपद्यचतुष्टयम्

सहदेवः जोषी (अलूक्षः)
श्रीबाबडेश्वरसंस्कृतमहाविद्यालय,
पोरबंदर

**(स्तुतिः)**

**यद्वेदैर्विदितं महैश्च महितं यद्विश्वतो विश्वतः**
**सत्काव्यैकलाकलापकलितं तुष्टं च पुष्टं परम्।**
**संस्कृत्या खलु संस्कृतं च विकृतैर्यन्निन्दितं दुर्जनैः**
**श्रद्धादिव्यतपोवनाय महते राष्ट्राय तस्मै नमः॥१॥**

जो वेदों से विश्व में सुविदित है, अपने दिव्य उत्सवों से जो विश्व में वन्दनीय है, अपने अद्भुत काव्यों के कलापों से जो सर्वथा तुष्ट और पुष्ट है, अपनी नमनीय संस्कृति से जो संस्कृत है और कुछ दुर्जनों से कुछ स्थल पर निंदित भी है ऐसे विलक्षण और दिव्य श्रद्धा के तपोवन भारत राष्ट्र को मेरा नमस्कार॥१॥

**निष्ठ्या भक्तिभरं बभार भरतो यो भक्तसिंहो महान्**
**भूयो यो सुखदेव एष सकलं सौख्यं जहौ सर्वतः।**
**राज्यं राज्यगुरुः गुरुत्वमजहत् प्राज्यं किमेज्यं परं**
**यस्मै त्यागतपोवनाय महते राष्ट्राय तस्मै नमः॥२॥**

जिसकी रक्षा के लिए एक समय भगतसिंह ने दिव्य भक्ति दिखाते हुए अपना बलिदान दे दिया था, सुख देव ने अपना सारा सुख

दांव पर लगा दिया था, राजगुरु ने राज्यगत आनंद का बलिदान दे दिया था उस राष्ट्र से ज्यादा वन्दनीय और क्या हो सक्ता है तो ऐसे दिव्य त्याग के तपोवन को मेरा नमस्कार ॥२ ॥

**(व्याजस्तुतिः)**

**नेतारो मधुपा मधुव्रतभृतो राष्ट्रं च भुक्ताब्जकं,**
**तद्दण्डः नियमावलीविगलितो ग्रन्थश्च कश्चित् पुनः ।**
**विस्तारश्च सरो हि मत्तकरिभिः पूर्णां श्रियं प्रापितो**
**ह्येवं यत्र गतं समं सुमसमं राष्ट्राय तस्मै नमः ॥३ ॥**
**(सुम इति सुमनोभिन्नः विशिष्टः पुष्पार्थवाचकः शब्दः)**

वर्तमान समय में हमारा यह राष्ट्रकमल केवल मधुपानरत (सम्पत्ति हड़पने में रत, मद्यादि सेवन करने वाले) नेतारूपी भ्रमरों से भोगा जा रहा है और इसकी जो संविधानरूप कमलनाल है वह भी विगलित हुई सी मालूम पड़ती है और यह भूमिविस्ताररूपी सरोवर चारों और से अनेक मगरमच्छों से घिरा हुआ है इस तरह जहां सब अच्छी वस्तुएं अवसान प्रायः है ऐसे दिव्य राष्ट्र को नमस्कार ॥३ ॥

**तर्षेऽमर्षे सहर्षा विगलितमतयः पापरक्ता हि पापा**
**निद्रामुद्रादरिद्रा श्च्युतपथपथिकाश्चास्तमुद्रा ह्यभद्राः ।**
**लोकालोकावलोके भवितुमथ पुनस्त्यक्तलज्जाश्चरन्तो**
**लोका यत्र प्रभूता भुवि तदिह परं राष्ट्रमेतन्नमामः ॥४ ॥**

जहां के लोग अनेक तृष्णाओं में और क्रोधादि में सहर्ष अग्रेसर हैं, पापी लोग पाप को स्वच्छंद अंजाम दे रहे हैं, सज्जन सब

घोर अज्ञानरूप निद्रा में निमग्न हैं, सामान्य लोग सन्मार्ग से भटक चुके हैं और अभद्र से मालुम पड़ते हैं और बचे हुए कुछ प्रख्याति को प्राप्त करने हेतु लज्जाहीन वर्तनों को अंजाम दे रहे हैं ऐसे सभी लोगों से घिरे हुए इस दिव्य राष्ट्र को मेरा नमस्कार ॥४॥

*****

# भारताष्टकम्

विघ्नेश-अय्यरः

**उदग्रैर्महीध्रैर्वनैर्जीवपूर्णैः शुभैर्मानवैः पुण्यकूलङ्कषाभिः ।**
**सुदेवालयैर्भूषितं सर्वलोके सदा भासतां भारतं मामकीनम् ॥१ ॥**

ऊंचे पहाडों से सुशोभित, जीव वैविध्य से भरपूर वनों से सुशोभित, सज्जनों से सुशोभित, पुण्य सलिला नदीयों से सुशोभित, सुंदर मन्दिरों से सुशोभित मेरा भारत सर्व लोक में सदैव शोभित होता रहे ॥१ ॥

**प्रभाते नमन्ति प्रसन्ना दिनेशं प्रपन्नान् भृशं पालयन्ति स्वशक्त्या ।**
**सुरानर्चयन्तीष्टमन्त्रैरजस्रं सदा भासतां भारतं मामकीनम् ॥२ ॥**

प्रतिदिन प्रभात काल में प्रसन्न होकर लोग ईश्वर को नमन करते हैं, दुःखी लोगों को यथाशक्ति सहायता करते हैं, सतत मन्त्रों से देवों का अर्चन करते हैं ऐसा मेरा भारत सदैव शोभित होता रहे ॥२ ॥

**भवन्त्यत्र भूयो जना दानशीलाः स्वतन्त्रा जनाः स्वेच्छया सर्वकार्यम् ।**
**वितन्वन्ति भूत्यै त्रिलोके प्रशस्तं सदा भासतां भारतं मामकीनम् ॥३ ॥**

यहां बडे बडे दानशील लोग हैं, सभी अपनी इच्छा से स्वतन्त्रता से आत्मकल्याण के लिये अपना अपना कार्य करते हैं, ऐसा प्रख्यात मेरा भारत सदैव शोभित होता रहे ॥३ ॥

**वदन्त्यत्र भाषा अनेका मनुष्याः वहत्यत्र पीयूषवद्दिव्यगङ्गा ।**
**सुदेशो जनानामयं वैदिकानां सदा भासतां भारतं मामकीनम् ॥४ ॥**

यहां के लोग अनेक भाषा बोलते हैं। यहां अमृत तुल्य गङ्गा बहती है। यह वैदिकों का देश है ऐसा मेरा भारत सदैव शोभित होता रहे ॥४ ॥

**तपस्वी जपत्यादिनं दिव्यमन्त्रान् सदाऽऽशीः प्रयच्छत्यभीष्टार्थसिद्ध्यै।**
**जनेभ्यो मुदा भक्तिमद्भ्यः कृपावान् सदा भासतां भारतं मामकीनम् ॥५ ॥**

यहां तपस्वी सदैव दिव्य मन्त्रों का जप करते हैं, सदैव अभीष्ट पूर्ति हेतु भक्ति-सम्पन्न लोगों को आशिष प्रदान करते हैं वैसे कृपावान् तपस्वियों का देश भारत सदैव शोभित होता रहे ॥५ ॥

**सुवीर्या सुरक्षाकरैः पूरितेयं सपत्नादिनिर्बाधिता वै सशस्त्रा।**
**सुसेना स्थिता सीम्नि यस्य प्रशस्ता सदा भासतां भारतं मामकीनम् ॥६ ॥**

जिसकी सीमा पर सुरक्षादलों से पूरित, सशत्र और शत्रुओं के द्वारा अबाधित सेना सज्ज है वैसा भारत देश सदैव शोभित होता रहे ॥६ ॥

**समागत्य वैदेशिका यस्य शोभां निरीक्ष्याद्भुतो देश इत्यालपन्ति।**
**महत् स्वर्गतुल्यं सदैश्वर्ययुक्तं सदा भासतां भारतं मामकीनम् ॥७ ॥**

जिसकी शोभा देखकर वैदेशिक लोग आएं और "यह अद्भुत देश है" ऐसा कहते है वह स्वर्ग के समान, ऐश्वर्य से सम्पन्न भारत देश सदैव शोभित होता रहे ॥७ ॥

**अमित्रैरखण्ड्यं सुरैरप्यलभ्यं शरण्यं जनानां स्थितानां भृशं यत्।**
**दिलीपाजरामादिभी राजितं तत् सदा भासतां भारतं मामकीनम्॥८॥**

शत्रुओं के द्वारा जीतना असम्भव, देवों का भी अलभ्य, यहां पर स्थित लोगों का शरणस्थान, दिलीप, अज और राम आदि राजाओं के द्वारा शासित यह भारत देश सदैव शोभित होता रहे॥८॥

*****

# राष्ट्रभक्त्यष्टकम्

देरासरी ऋषभः जितेन्द्रभाई
अतिथ्यध्यापकः
श्रीसोमनाथसंस्कृतविश्वविद्यालयः,
वेरावलम्

**बोसौ रामसुभाषकावथ भगत्सिंहश्च सावर्करो**
**लालाबालचटर्जिपालगुरवो ये क्रान्तिवीरा जनाः ।**
**सन्त्यन्येऽपि च रावतप्रभृतयो राष्ट्राय येषां जनि-**
**र्येषां स्थानमथास्ति सीम्नि नियतं तेषामिमे स्मो वयम् ॥०१ ॥**

खुदिराम बोस, सुभाषचन्द्र बोस, भगत सिंह, वीर सावरकर, लाला लजपतराय, बाल गंगाधर तिलक, बंकिमचन्द्र चटर्जि, बच्छेंन्द्रि पाल, शिवराम राजगुरु तथा जिन लोगो का सीमा पर स्थान नियत है, ऐसे जनरल बिपिन रावत आदिके कारण हम सब विद्यमान है ॥१ ॥

**युद्धेऽथ सीम्नि द्विषदो विदीर्णे ये दापयित्वा तनवेऽमरत्वम् ।**
**तेषां हि येषां यश एव शेषं सन्त्यस्मदीया नतिपुष्पमालाः ॥०२ ॥**

युद्ध में सीमा पर शत्रुओंका नाश करनेमें जिन्होने अपने देह को अमरत्व प्रदान करवाया है और जिनका यश मात्र शेष रह गया है उनको हमारी नमनरूप पुष्पमाला अर्पित है ॥२ ॥

**आढ्येषु चाढ्यो भुवि दर्शनीयो वीरेषु धुर्योऽथ नयेषु नेयः ।**
**रम्येषु रम्योऽथ गुणेषु गण्यो देशोऽद्भुतोऽयं मम भारताख्यः ॥०३ ॥**

श्रेष्ठों में श्रेष्ठ, पृथ्वी पर दर्शनीय, वीरों में अग्रगण्य, नीति में स्वीकार्य, रमणीयों में रमणीय, गुणवानों में गण्य ऐसा अद्भुत मेरा भारत देश है ॥३ ॥

**वेदः खनिः कृष्णजनिर्हि देशे गीता सुगीताऽदिकविप्रणीता ।**
**ततो विलासाः कविकालिदासास्तद्भारताख्ये वयमेव दासाः ॥०४ ॥**

जहां वेद ज्ञान की खान है, कृष्ण का जन्म है, जहां गीता गायी गई है, जहां रामायण रची गई है, उसके बाद कविकालिदास का जहां वाग्विलास है, उस भारत नामक देश के हम दास है ॥४ ॥

**चन्द्र एको रविः कालिदासः कविः शैलराजश्च ब्रह्मैकमात्मा हरिः ।**
**द्वित्वमेषां न तद्वत्स देशो मम भूतले भारताख्यो हि राराज्यते ॥०५ ॥**

जैसे चन्द्र एक है, रवि, कालिदास, हिमालय पर्वत, ब्रह्मतत्त्व, आत्मा, हरि इन सबका द्वित्त्व नही है उस तरह समग्र पृथ्वी पर भारत देश एक ही होता हुआ सुशोभित है ॥५ ॥

**राणाशिवाजीपृथिवीविभून्वा दयाविवेकाप्तपटेलवीरान् ।**
**विहाय राष्ट्रं मम भारताख्यं न कल्प्यते भूस्थितमद्वितीयम् ॥०६ ॥**

महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, पृथ्वीराज चौहाण, दयानन्द सरस्वती, स्वामी विवेकानन्द, सरदार वल्लभभाई पटेल इत्यादि वीरो को छोड के इस अद्वितीय भारत देश की कल्पना नही की जा सकती है ॥६ ॥

**व्यासं च वाल्मीकिसुबन्धुभासान् माघं च बाणं कविकालिदासम्।**
**विहाय राष्ट्रं मम भारताख्यं न कल्प्यते भूस्थितमद्वितीयम्॥०७॥**

महर्षि वेदव्यास, महर्षि वाल्मीकि, सुबन्धु, महाकवि भास, महाकवि माघ, बाणभट्ट, महाकवि कालिदास इन सब लोगो को छोड के इस अद्वितीय भारत देश की कल्पना नही की जा सकती है॥७॥

**त्राणेन सीम्नो जनरक्षकेभ्यो नमो महद्भ्यः पृथिवीसुतेभ्यः।**
**साहित्यखड्गेन जनानवद्भ्यो नमो नमो वः कविरक्षकेभ्यः॥०८॥**

सीमा की रक्षा के द्वारा लोगो के रक्षक पृथ्वी पुत्र सैनिको को नमस्कार है। उसी तरह साहित्य शस्त्र से लोगो की रक्षा करने वाले कवि रक्षको को भी नमस्कार है॥८॥

*****

# श्रीभारताम्बाष्टकम्

अभिषेक-मुखोपाध्यायः

**सोढ्वापि सर्वप्रतिकूलतां या सदाचरन्ती मृदुपेलवत्वम्।**
**कदापि रुष्टा न सदा तु तुष्टा तद्देशमातुः प्रभजेऽङ्घ्रियुग्मम्॥१॥**

जिसने सदैव प्रतिकूलता को सहकर कोमलता का ही आचरण किया है, जो कभी भी रुष्ट नहीं हुई अपि तु सदैव प्रसन्न रही है उस देशमाता (भारत) के चरणकमल की मैं सेवा करता हूं॥१॥

**वीराननेकानपगम्य माता प्राप्ता सुतान् या नितरां हि दुःखम्।**
**शोकाकुलान्तःकरणा च खिन्ना तद्देशमातुः प्रभजेऽङ्घ्रियुग्मम्॥२॥**

जिसने अपने अनेक वीर पुत्रों की वीरगति प्राप्त होने पर अत्यंत दुःख और शोक प्राप्त किया है, वीरपुत्रों की वीरगति से जो खिन्न होती है उस देशमाता (भारत) के चरणकमल की मैं सेवा करता हूं॥२॥

**विराजिता या प्रतिकारहीना प्राप्याहितेभ्योऽपि तिरस्कृतत्वम्।**
**सर्वेष्वविच्छिन्नसमानहार्दा तद्देशमातुः प्रभजेऽङ्घ्रियुग्मम्॥३॥**

जिसने शत्रुओं के द्वारा आक्रान्त होने पर भी प्रतिकार नहीं किया, अपितु सभी के प्रति समान स्नेह ही रखा है, उस देशमाता (भारत) के चरणकमल की मैं सेवा करता हूं॥३॥

**यस्याः समस्तेषु कृपा समाना पुत्रस्य दुःखं निजदुःखतुल्यम्।**
**प्राप्ता सुखं तस्य सुखेन याम्बा तद्देशमातुः प्रभजेऽङ्घ्रियुग्मम्॥४॥**

जिसकी कृपा सभी पर एक समान ही रहती है, जो अपने पुत्रों के दुःखों को अपना दुःख मानती है और उनके सुख को अपना सुख मानती है उस देशमाता (भारत) के चरणकमल की मैं सेवा करता हूं ॥४॥

**यया प्रनष्टा नितरामविद्या ज्ञानेन मुक्तिं प्रददाति साकम्।**
**या तु त्रिशूलान्वितसिंहयुक्ता तद्देशमातुः प्रभजेऽङ्घ्रियुग्मम् ॥५॥**

जिसने गाढ़ अज्ञान का नाश किया है और जो ज्ञान से नित्य मुक्ति प्रदान करती है, जो त्रिशूल और सिंह से युक्त है उस देशमाता (भारत) के चरणकमल की मैं सेवा करता हूं ॥५॥

**ययाभया दक्षिणहस्तभाता मुद्रा भयक्षोभनिवारणार्थम्।**
**स्नेहद्विनेत्रा द्विभुजा तथा वा तद्देशमातुः प्रभजेऽङ्घ्रियुग्मम् ॥६॥**

जिसके दक्षिण हस्त में अभयमुद्रा भय और क्षोभ का निवारण कर रही है, जिसके दो नेत्र स्नेह से परिपूर्ण है, जो दो हाथ वाली है उस देशमाता (भारत) के चरणकमल की मैं सेवा करता हूं ॥६॥

**त्रासं रिपुभ्यः प्रददाति यस्या वामे त्रिशूलञ्च विराजमानम्।**
**सन्तानभद्राय सुबद्धचेतास्तद्देशमातुः प्रभजेऽङ्घ्रियुग्मम् ॥७॥**

जिसके वाम हस्त में स्थित त्रिशूल सदैव शत्रुओं को कष्ट प्रदान करता है और अपने सन्तानों का कल्याण करता है उस देशमाता (भारत) के चरणकमल की मैं सेवा करता हूं ॥७॥

**अमातृकस्यैहिकमातृरूपा पुत्राय या प्रेम तनोति दिव्यम्।**
**स्नेहः परश्चेतसि भाति यस्यास्तद्देशमातुः प्रभजेऽङ्घ्रियुग्मम्॥८॥**

मातृहीन पुत्र के लिये जो साक्षात् माता ही है, जो अपने पुत्र को दिव्य प्रेम देती है, जिसके हृदय में स्नेह सुशोभित हो रहा है उस देशमाता (भारत) के चरणकमल की मैं सेवा करता हूं॥८॥

*****

# वीरोऽहं धीरोऽहम् एकोऽहम्

डॉ. रोहितः
(सहायकाध्यापकः)
उदय प्रताप इण्टर कालेज,
सपनावत, उत्तर प्रदेश

**पूजने प्रार्थितोऽहं गणेशो गणः,**
**वामनोऽपि विराट् यज्ञे नारायणः।**
**शक्तिरूपे शिवः, भक्तिभावे ध्रुवः,**
**वेदवेदान्तगोऽद्वैतब्रह्माऽमरः ॥१॥**

पूजा में प्रार्थित गणेश मैं हूं। वामन होते हुए भी विराट और यज्ञ में नारायण मैं हूं। शक्तिरूप में शिव और भक्तिभाव में ध्रुव मैं हूं। वेद-वेदान्त में वर्णित अद्वैत और अमर ब्रह्म मैं हूं॥१॥

**ब्रह्मरोषोद्भवो वैरिनाशशरः,**
**त्रस्तकेशशिखे नर्तयन्भैरवः।**
**रक्तरागरुचां राक्षसानां त्वरा,**
**देविकालीकुले चान्तकोऽस्मि स्मर॥२॥शक्तिरूपे....**

ब्रह्मक्रोध से उत्पन्न ऐर शत्रुओं का नाश करने वाला बाण मैं हूं। शत्रुओं के मस्तक पर नृत्य कर रहा भैरव मैं हूं। राक्षसों के रक्त की पिपासु देवी काली और साक्षात यम मैं हूं॥२॥

**यस्य दुर्वाससः शापभीतं जगत्,**
**पर्शुनाऽपि जये ब्रह्मतेजो दधत्।**
**युद्धे संनद्धस्सञ्चक्रपाणिः स्फुरत्,**
**मल्लकायो बले मुष्टिशस्त्रम्महत् ॥३॥ शक्तिरूपे.....**

जिस दुर्वासा के शाप से सारा जगत भयभीत होता है, जिस परशुराम का परशु ब्रह्मतेज को धारण करता हुआ विजय प्राप्त करता है। युद्ध में स्फुरित चक्रपाणी नारायण का सज्ज चक्र और मल्लों के बल में मुष्टीरूप शस्त्र मैं हूं ॥३॥

**रामक्रोधानले व्यक्तोऽहं कार्मुके,**
**मारुतिः पर्वतानाम्मुदा लंघने।**
**दशवरांगमदो मेघनादोपप्लवः,**
**देवराजसखो वज्रः छेत्ताऽरीणाम् ॥४॥ शक्तिरूपे....**

राम के क्रोधाग्नि से व्यक्त धनुष्य, पर्वतों और समुद्र के लंघन में वीर हनुमान्, रावण का मद हरने वाले राम और मेघनाद के त्रास को हरने वाले लक्ष्मण, शत्रुओं का नाश करने वाला देवराज इन्द्र का वज्र मैं हूं ॥४॥

**भीष्मो गंगासुतस्सिन्धुरोधे क्षमः,**
**भीमो दुःशासनं शासितुं सक्षमः।**
**द्रोणमोदाश्रयः कौन्तेयोऽस्मि यतः,**
**चक्रव्यूहे बलं द्रौपदेयोऽग्रतः ॥५॥ शक्तिरूपे.....**

नदीयों को रोकने में समर्थ गंगापुत्र भीष्म, दुःशासन का शासन करने में समर्थ भीम, द्रोणाचार्य के आनन्द का पात्र अर्जुन और चक्रव्यूह में आगे बढ़ने वाला अभिमन्यु में हूं ॥५॥

**यस्य वाचि तपः, देशसेवारते**
**भूरियं भारती भासुरैर्मण्डिता।**
**शंकरोऽस्मि, दयानन्दवाक्प्रेरणा,**
**स्वीयराज्यार्थके देशिकः पण्डितः ॥६॥ शक्तिरूपे.....**

जिसकी वाणी में तप है, देशसेवा में निरत देशभक्तों से जो भूमि सुशोभित है वह शंकराचार्य, दयानन्द सरस्वती के वाक्यों की प्रेरणा मैं हूं। स्वराज्य के लिये पण्डित मदन मोहन मालवीय मैं हूं ॥६॥

**चण्डकुन्तकरश्चेतकोऽस्मि रणे,**
**मुण्डमालां भुवेऽर्पयन्वीरोऽहम्।**
**वर्ते छद्मान्शठान्नाशितुं सन्ततम्,**
**राष्ट्रगर्वप्रथाकेसरीव शिवः ॥७॥ शक्तिरूपे.....**

युद्ध के मैदान में प्रचंड पराक्रम वाला चेतक, मस्तक को अर्पण करने वाला वीर, दुष्टों को मारने के लिये सतत तत्पर और राष्ट्र का गौरव बढ़ाने वाला वीर शिवाजी मैं हूं ॥७॥

**बालगंगाधरो वल्लभस्सन्ततम्,**
**देशसेवारतो मालवीयस्स्वयम्।**

**पूर्वजैर्दर्शितं देशसेवाव्रतम्,**
**देहत्यागो वरं, व्रात्यता नावरम् ॥८॥ शक्तिरूपे.....**

देश की सेवा में मग्न बालगंगाधर तिलक, सरदार वल्लभभाई पटेल और मदन मोहन मालवीय मैं हूं। पूर्वजों के द्वारा उपदिष्ट देश सेवा का व्रत "देहत्याग श्रेष्ठ है पर परतन्त्रता नहीं" मैं हूं ॥८॥

**दुष्टुदासोद्दितां मातरं मोक्षणे,**
**बोससावरकरौ शेखरो बिस्मिलः ।**
**राजभक्तादयो राष्ट्रियाः तत्पराः,**
**देशसेवाव्रतेऽहञ्चयस्सर्वेषाम् ॥९॥ शक्तिरूपे.....**

दुष्ट दासों के कारण बंधन में पडे भारत की मुक्ति में तत्पर सुभाषचन्द्र बोस, वीनायक सावरकर, चन्द्र शेखर आझाद और राम प्रसाद बिस्मिल मैं हूं। सदैव राष्ट्रसेवा में तत्पर राष्ट्रभक्तों के लिये सर्वस्व समर्पित करने वाला मैं हूं ॥९॥

*****

# कामयेऽहम्

गौरव संतराज आराध्य

**समेधेत कीर्तिस्सुराष्ट्रस्य नित्यं समे भारतीयास्समृद्धाः भवेयुः।**
**त्रिवर्णध्वजं भारतस्यैतदूर्ध्वं चिरं राजतामम्बरे कामयेऽहम्॥१॥**

इस राष्ट्र की कीर्ति सदैव बढ़ती रहै, सभी भारतीय लोग समृद्ध बने, भारत का तिरंगा ध्वज सदैव ऊपर आकाश को स्पर्श करता रहे ऐसी कामना करता हूं॥१॥

**सुभूमावभूवन् बुधा वै प्रणम्याः सुभाषादिका यत्र गान्धी महात्मा।**
**तटिन्यो नगास्सन्ति पूतास्सुरम्या वयं प्राप्य जन्मात्र चाभूम धन्याः॥२॥**

जिस भूमि पर प्रणम्य और वन्दनीय सुभाष और गांधी आदि बुधजन हुएं। जिस भूमि पर रमणीय और पवित्र नदीयां और पर्वत है वहां जन्म प्राप्त कर के हम धन्य हो गएं हैं॥२॥

**ऋषीणां मुनीनां विपश्चिज्जनानां विचारैस्सदा पोषितं भारतन्नः।**
**सुखं ह्यत्र नाकेऽपि नो प्राप्यते तत् सुराः प्राप्तुकामाः जनिन्नस्सुराष्ट्रे॥३॥**

ऋषी, मुनि और विद्वान् लोगों के विचारों से पुष्ट हमारे भारत में जो सुख है वह सुख स्वर्ग में भी नहीं है, इसीलिए तो देवता भी यहां जन्म प्राप्त करना चाहते हैं॥३॥

**मही सिञ्चिता शोणितेनेह वीरैः स्वकष्टेन यत्नेन वा रक्षितैषा।**
**गृहं यत्समेषां समत्वेन चास्ति प्रणौमि स्वदेशं सना भारतन्तम्॥४॥**

यह भूमि वीरों के रक्त से सिंचित है और अत्यंत कष्ट से, प्रत्न से इस भूमि की रक्षा की है। जो देश सभी के लिए समान रूप से घर के समान है उस देश को मैं प्रणाम करता हूं ॥४ ॥

**वसन्त्यत्र राज्येषु नाना मनुष्याः समेषाञ्च तेषां विभिन्नाः विचाराः।**
**इहान्नं विभिन्नं हि वासांसि नाना परं भारतं भिन्नतान्नैव गच्छेत् ॥५ ॥**

यहां अनेक राज्यों में रहने वाले विविध मनुष्यों की भाषाएं – बोलियां और विचार भी विभिन्न हैं। जहां भोजन और वस्त्रों का वैविध्य होने पर भी एकत्व का देश है वह भारत है ॥५ ॥

**भवामो वयं दीपरूपाः ज्वलामः समे भारतीयास्स्वराष्ट्राय नित्यम्।**
**समं भारताय प्रयच्छेच्च नैजं जनो जीवतात् भारतायैव सर्वः ॥६ ॥**

हम भारत के लिये दीप बनकर जलते रहें और भारत के लिये ही सदैव जीवित रहें और समय आने पर भारत के लिये ही प्राणों का समर्पण करें ॥६ ॥

**यदा जन्म लप्स्ये पुनः भारते मे भवश्चैव जायेत नान्यत्प्रदेशे।**
**जनिं भारतायैव मृत्युर्हि लब्ध्वा ममाभीक्ष्णमेवं भवेत् कामयेऽहम् ॥७ ॥**

मेरी कामना है कि मैं पुनः भारत में जन्म लूं, अन्य देश में नहीं। और भारत के लिये ही मृत्यु को प्राप्त करूं ॥७ ॥

*****

# नौमि मुदा मम भारतदेशम्

अभिषेक परगाँई
शोधच्छात्रः
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालयः,
हरिद्वारम्

**निखिले भुवने आदिमदेशं देवगणैः परिपूजितदेशम्।**
**वीरभटैरपि रक्षितदेशं नौमि मुदा मम भारतदेशम्॥१॥**

समस्त संसार में आदि देश को, देवगणों से परिपूजित देश को, वीर सैनिकों से रक्षित देश को, मेरे भारत देश को मैं नमन करता हूं॥१॥

**विविधविधानैः पूजितदेशं खगादिकैरपि कूजितदेशम्।**
**सेवकवृन्दैः सेवितदेशं नौमि मुदा मम भारतदेशम्॥२॥**

विविध विधानों से पूजित देश को, पक्षिओं के द्वारा कूजित देश को, सेवक गणों से सेवित देश को, मेरे भारत देश को मैं नमन करता हूं॥२॥

**विविधतडागैः युक्तं देशं कमलदलैः संशोभितदेशम्।**
**जलप्रपातैः क्षालितदेशं नौमि मुदा मम भारतदेशम्॥३॥**

विविध तालाबों से युक्त देश को, कमलदलों से सुशोभित देश को, जल प्रपातों से क्षालित देश को, मेरे भारत देश को मैं नमन करता हूं॥३॥

**देवभूमिना भूषितदेशं अर्चकवृन्दैः अर्चितदेशम्।**
**दक्षनायकैः पालितदेशं नौमि मुदा मम भारतदेशम्॥४॥**

देवभूमि से विभूषित देश को, अर्चकों के वृन्द से अर्चित देश को, दक्ष नायकों से पालित देश को, मेरे भारत देश को मैं नमन करता हूं॥४॥

**गङ्गादिभिरपि विमलं देशं यमुनादिभि ननु सिञ्चितदेशम्।**
**रम्यमनघं विस्तृतसदनं नौमि मुदा मम भारतदेशम्॥५॥**

गङ्गा आदि नदीओं से विमल देश को, यमुना आदि नदीओं से सिंचित देश को, रम्य, निर्दोष तथा विस्तृत मेरे भारत देश को मैं नमन करता हूं॥५॥

**शङ्करमण्डनमण्डितदेशं बाणादिभिरपि पण्डितदेशम्।**
**ज्ञानकलामृतसिञ्चितदेशं नौमि मुदा मम भारतदेशम्॥६॥**

शङ्कराचार्य और मण्डन मिश्र से मण्डित देश को, बाणभट्ट आदि कवियों के द्वारा पण्डित देश को, ज्ञान और कला के अमृत से सिंचित देश को, मेरे भारत देश को मैं नमन करता हूं॥६॥

**वैदिकमन्त्रैः मन्त्रितदेशं तन्त्ररहस्यैः तन्त्रितदेशम्।**
**यन्त्रविदैः नित यन्त्रितदेशं नौमि मुदा मम भारतदेशम्॥७॥**

वैदिक मन्त्रों से मन्त्रित देश को, तन्त्रों के रहस्यों से तन्त्रित देश को, यन्त्रों के जानकारों के द्वारा यन्त्रित देश को, मेरे भारत देश को मैं नमन करता हूं॥७॥

**स्वर्गसमं सुरसेवितदेशं कृतभगवदवतारितदेशम्।**
**लब्धजन्मपुण्यानां देशं नौमि मुदा मम भारतदेशम्॥८॥**

स्वर्ग के समान देवों से सेवित देश को, भगवान ने जहां अवतार ग्रहण किये उस देश को, जहां पुण्यशाली ही जन्म पाता है उस मेरे भारत देश को मैं नमन करता हूं॥८॥

**राष्ट्रपूजा समा नास्ति देवपूजा बृहत्तमा।**
**राष्ट्ररेणुमहत्त्वं शीतलं चन्दनं वृथा॥९॥**

राष्ट्र की पूजा से बढ़कर देव पूजा नहीं है। राष्ट्र की धूल का महत्त्व है, उसके सामने शीतल चन्दन भी व्यर्थ है॥९॥

*****

## देशभक्त्यष्टकम्

अनन्तादित्यः श्रीनिवासन् भगवान्

**प्रातःसमयचेतोऽग्नौ स्वं जुहूयोत्थितः पुनः।**
**बलं शान्तिं यशस्विनां भक्तिधाराप्रवाहिता ॥१॥**

प्रातःकाल में हृदय के अग्नि में स्वयं को आहूत करके पुनः उठा तब यशस्विओं के बल और शान्ति से भक्ति की धारा प्रवाहित हुई ॥१॥

**अद्य मे सफलं जन्म यद्राष्ट्रेऽस्मिन् जजागृवान्।**
**विश्वरूपं प्रभुर्यत्र कुन्तीपुत्राय दर्शिवान् ॥२॥**

आज मेरा जन्म सफल हुआ क्योंकि इस राष्ट्र में जन्म प्राप्त हुआ है जहां प्रभु ने कुन्तीपुत्र को विश्वरूप का दर्शन करवाया है ॥२॥

**समाहिताः स्म ज्ञानेन धनञ्जयेन ह्यद्भुतम्।**
**यद्भक्तिरूपापन्नेन प्रार्थितं भक्तिरेव हि ॥३॥**

धनञ्जय अर्जुन ने ज्ञान से जो अद्भुत कार्य किया उससे हम भी युक्त हैं क्योंकि भक्तिरूप प्राप्त किए अर्जुन ने भक्ति की ही प्रार्थना की थी ॥३॥

**द्रविडेषु च कर्णाटे महाराष्ट्रे च गुर्जरे।**
**वृन्दावने चैवोत्तरे च प्राच्यैषाऽप्येकवृत्तिभाक् ॥४॥**

दक्षिण में, कर्णाटक में, महाराष्ट्र में, गुजरात में, वृन्दावन में और उत्तरप्रदेश में इस राष्ट्र की जनता की वृत्ति प्राचीन होते हुए भी एक रहीं है ॥४॥

**यत्र प्राणाः समर्प्यन्ते सर्वसत्त्वाधिकारिणे।**
**संस्कृतात् कार्यशक्तित्वात् प्रीणाति प्रकृतिः स्वयम्॥५॥**

जहां पर सत्त्व के लिए प्राणों का समर्पण किया जाता है और संस्कृत से, कार्यशक्ति से स्वयं प्रकृति प्रसन्न होती है॥५॥

**भक्त्या बिभर्ति देवो मां भक्त्या बिभर्ति भारतम्।**
**भक्त्या बिभर्ति राष्ट्रोऽस्मान् भक्त्येऽदं न ममेत्यहम्॥६॥**

भक्ति से देव मुझे धारण करते हैं। भक्ति से भारत की स्थिति है। भक्ति से राष्ट्र हमें धारण करता है और भक्ति का ही यह सब है, मेरा नहीं है॥६॥

**भगवद्भक्तितत्त्वेन वयमेकान्तदर्शिनः।**
**भारते परिवृद्धास्स्म नानापथिषु एकराट्॥७॥**

भगवद् भक्ति तत्त्व के कारण हम एकान्तदर्शी होते हुए भारत में विविध मार्गों पर चलते हुए भी एकता से बढ़ रहे हैं॥७॥

**यो विश्वरूपमत्याक्षीत् येषामात्मबलं हि सः।**
**प्रार्थनामार्जुनीं श्रुत्वा तेषां राष्ट्रं हि भारतम्॥८॥**

जिसने अर्जुन की प्रार्थना सुनकर अर्जुन को विश्वरूप दिखाया, जिस अर्जुन का आत्मबल ही विश्वरूप है उसका यह भारत राष्ट्र है॥८॥

*****

## सम्पादकपरिचयः




**डॉ. जिगरः म. भट्टः**

**शास्त्री, साहित्याचार्यः, विद्यावारिधिः**


- ✍ श्रीसोमनाथसंस्कृतविश्वविद्यालये (वेरावलम्, गुजरातम्) अनुस्नातक-साहित्यविभागे सहायकाचार्यः।
- ✍ अध्यापनक्षेत्रे ४ वर्षाणाम् अनुभवः।
- ✍ प्राचीनपरम्परां वहन् आधुनिकः कविः।
- ✍ विविधपरिसंवादेषु शोधपत्रप्रस्तुतिः, शोधलेखप्रकाशनानि च।
- ✍ गुजरातराज्यपाठ्यपुस्तकमण्डलस्य पाठ्यक्रमसमितीनां सदस्यः, पाठ्यपुस्तकानां समीक्षकः लेखकश्च।
- ✍ ग्रन्थाः –

१. संस्कृतवाङ्मये नगररचना

२. संस्कृतसाहित्ये वागर्थविचारः

३. रघुवंशम्–द्वितीयः सर्गः

४. शिवमहिम्नःस्तोत्रम् (विद्वत्प्रिया)

५. कुमारसम्भवम्-प्रथमः सर्गः(विद्वत्प्रिया)

६. महेशमहिम्नःशतकम् (स्वरचितं शतकम्)

७. स्वतन्त्रतासमर्चनम् (स्वतन्त्रतायाः अमृतमहोत्सवम् उपलक्ष्य आयोजितायां राष्ट्रिय-देशभक्ति-काव्यरचना-स्पर्धायां प्राप्तकाव्यानां सङ्ग्रहः)


ISBN 978-93-83097-56-2

9 789383 097562